दिन–सोमवार दिनांक– 01 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।
अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत को अगले दस वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है ताकि देश पर वैश्विक परिस्थितियों का अधिक प्रभाव न पड़े। श्री मोदी भारतीय रिजर्व बैंक के नब्बे वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुम्बई में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में उनकी सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए कदमों के कारण बैंकिंग क्षेत्र लाभ की स्थिति में है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनरुद्धार के लिए साढे तीन लाख करोड़ रुपये की पूंजी डाली है। कार्यक्रम में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड़ तथा पंकज चौधरी और रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी मौजूद थे।

————————————————————————————

वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आज से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष में कर प्रणाली में कोई नया बदलाव नहीं किया जा रहा है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर नई कर व्यवस्था के संबंध में दी जा रही सूचनाओं को भ्रामक बताते हुए इनका खंडन किया है। मंत्रालय ने कहा है कि नई कर व्यवस्था मुख्य रूप से व्यक्तिगत करदाताओं पर लागू होती है। यह वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस से डिफ़ॉल्ट व्यवस्था के रूप में लागू है। हालांकि करदाता अपने फायदे को देखते हुए दोनों में से कोई एक व्यवस्था चुन सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि नई कर व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प आकलन वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए रिटर्न दाखिल करने से पहले चुना जा सकता है। बिना किसी व्यावसायिक आय वाले पात्र व्यक्तियों के पास प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए कर व्यवस्था चुनने का विकल्प होगा। कोई भी व्यक्ति एक वित्त वर्ष में नई कर व्यवस्था और दूसरे वर्ष में पुरानी कर व्यवस्था चुन सकता है।

————————————————————————————

तेल विपणन कंपनियों ने देश भर में उन्नीस किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेण्डर के दामों में कटौती की है। इनमें अलग–अलग शहरों में तीस से बत्तीस रूपये तक की कटौती की गई है। उन्नीस किलोग्राम वाला कॉमर्शियल एलपीजी सिलिंडर अब पटना में दो हजार उनतालीस रूपये में मिलेगा।

———————————————————————————

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी शेफाली शरण ने आज पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का कार्यभार संभाला। उन्नीस सौ नब्बे बैच की अधिकारी शेफाली शरण ने मनीष देसाई के सेवा निवृत होने के बाद इस पद का कार्यभार संभाला। वे निर्वाचन आयोग और वित्त मंत्रालय में भी काम कर चुकी हैं।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी चार अप्रैल को खैरा के बल्लोपुर में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ये जानकारी दी है। जमुई लोकसभा क्षेत्र से लोजपा रामविलास के अरूण भारती एनडीए उम्मीदवार हैं।

———————————————————————————

कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने कहा है कि वे अब दो अप्रैल की जगह चार अप्रैल को पूर्णियां लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र भरेंगे। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट मे श्री यादव ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से एक बार फिर पूर्णियां सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने का आग्रह किया है। गौरतबल है कि यह सीट राजद के खाते में गई है लेकिन श्री यादव पूर्णियां से ही चुनाव लड़ने पर अडिग हैं।

———————————————————————————

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को लिखे पत्र में श्री तिवारी ने कहा कि वे व्यक्तिगत कारणों से पार्टी छोड़ रहे हैं। गौरतलब है कि कल

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

———————————————————————————

सेवा मुक्त किये गए अतिथि शिक्षकों ने आज पटना में जमकर प्रदर्शन किया । ये सभी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे थे। पुलिस ने पहले प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की लेकिन जब वे नहीं माने तो उनपर लाठी चार्ज की गई। लाठी चार्ज की घटना में कई प्रदर्शनकारियों को चोट आई है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने कल माध्यमिक विद्यालयों में काम कर रहे चार हजार दो सौ संतावन अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी थी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।